# कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला–दुर्ग

पत्र क्र./जन.स्वा.वि./2025/793 भिलाई, दिनांक –15/09/2025

प्रति,

1. जोन आयुक्त,
   जोन क्र. 01, 02, 03, 04 एवं 05
   नगर पालिक निगम भिलाई
2. प्र. जोन सहा. स्वास्थ्य अधिकारी,
   जोन क्र. 01, 02, 03, 04 एवं 05
   नगर पालिक निगम भिलाई

**विषय :–** स्वच्छ भारत मिशन–शहरी 2.0 अन्तर्गत राज्य के नगरीय निकायों में ''स्वच्छता ही सेवा अभियान–2025 (SHS–2025)'' का क्रियान्वयन किये जाने के संबंध में।

**संदर्भ :–** छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर अटल नगर छ.ग.का पत्र क्र./4056 दिनांक 12/09/2025।

––00––

उपरोक्त संदर्भित पत्रानुसार भारत सरकार द्वारा दिनांक 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म तिथि पर श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। उक्त परिपेक्ष्य में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक **''स्वच्छोत्सव''** के प्रसंग पर **''स्वच्छता ही सेवा अभियान–2025 (SHS–2025)''** का आयोजन किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है। उपरोक्त अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश सलग्न है।

''स्वच्छता ही सेवा अभियान–2025 (SHS–2025)'' (17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025) हेतु जारी किये जा रहे दिशा–निर्देशों के अनुरूप अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

**उपरोक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जावे।**

**संलग्नः– उपरोक्तानुसार।**

(राजीव कुमार पाण्डेय)
रा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
भिलाई

..........2

पृ. पत्र क्र./जन.स्वा.वि./2025/794 भिलाई, दिनांक –15/09/2025

**प्रतिलिपि :–**

1. महापौर, नगर पालिक निगम भिलाई को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अपर आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
3. स्वास्थ्य अधिकारी, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
4. जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम भिलाई को समाचार पत्र के माध्यम से उक्त कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किये जाने हेतु सूचनार्थ।
5. श्री/सुश्री ....................................................पी.आई.यू.(स्वच्छ भारत मिशन), नगर पालिक निगम भिलाई को उक्त कार्यक्रम की फोटोग्राफ एकत्रित कर पोर्टल में अपलोड किये जाने हेतु सूचनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
भिलाई

# दिनांक 17 सितम्बर, 2025 से 02 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित "स्वच्छता ही सेवा" अभियान–2025 के क्रियान्वयन हेतु प्रस्तावित कार्यक्रमों का विवरण

1. **दिनांक 17 सितम्बर, 2025**

**कार्यक्रम – "स्वच्छता ही सेवा का शुभारंभ" राज्य में अभियान की शुरूआत"**
**गतिविधियां का विवरण :–**

- वृहद् स्तर पर स्वच्छता शपथ–ग्रहण सामारोह के साथ अभियान का शुभारंभ।
- स्वछता रैली, मानव–श्रृंखला, कचरा संग्रहण वाहनों को जागरूकता संदेशों के साथ हरी झण्डी दिखाना इत्यादि।
- शासकीय अर्द्धशासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कर्मचारियों/विद्यार्थियों द्वारा शपथ ग्रहण।

2. **दिनांक 18 सितम्बर, 2025**

**कार्यक्रम – "जागरूकता अभियान"**
**गतिविधियां का विवरण :–**

- सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने हेतु व्यावसायिक क्षेत्रों, सप्ताहिक बाजारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान।
- स्त्रोत पृथककरण पर नागरिकों को जागरूक करने हेतु गैर सरकारी संगठनों (NGOs), रहवासी कल्याण संघ (RWAs) एवं स्व–सहायता समूहों की सहभागिता से घर–घर जागरूकता अभियान का आयोजन।

3. **दिनांक 19 सितम्बर, 2025**

**कार्यक्रम – "संपूर्ण स्वच्छता श्रमदान"**
**गतिविधियां का विवरण :–**

- शहर के तीर्थ स्थलो, पर्यटन स्थल, मुख्य चौक–चौराहो–सड़को, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थानों पर नागरीक सहभागिता के साथ विषेश स्वच्छता अभियान। जिसमें जन–प्रतिनिधियो, धार्मिक गुरुओं, गणमान्य नागरिकों, स्वच्छताग्रहियों, शासकीय/अर्द्धशासकीय एन.जी.ओ. एवं स्वसहायता समूह को शामिल किया जावे।
- शासकीय अर्द्धशासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता श्रमदान किया जावे।
- स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत आयोजित किये जा रहे सभी कार्यक्रमो को लोकल/क्षेत्रीय मीडिया/सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित/पोस्ट कराया जाना सुनिश्चित करें।

4. <u>दिनांक 20 सितम्बर, 2025</u>

**कार्यक्रम – नागरिकों के सहयोग से स्वच्छता लक्षित इकाई में श्रमदान "CTU Clean Up Drive"**

**गतिविधियां का विवरण :–**

- शहर के समस्त चिन्हांकित स्वच्छता लक्षित इकाइयों पर स्वच्छता अभियान।
- स्वच्छ किये गये स्वच्छता लक्षित इकाई का स्वच्छता संदेश, स्थानीय कलाकृति, वेस्ट–टू–आर्ट के साथ रूपांतरण/सौंर्दयीकरण।
- स्वच्छता लक्षित इकाई क्षेत्रों में दो कूड़ेदानों के उपयोग का संदेश।
- स्वच्छता लक्षित इकाई क्षेत्रों में दिशा सूचक लगाये जाना।
- स्वच्छता लक्षित इकाई क्षेत्रों की सफाई के पहले एवं बाद की फोटो को स्वच्छता ही सेवा पोर्टल में पोस्ट करना।

5. <u>दिनांक 21 सितम्बर, 2025</u>

**कार्यक्रम – "Clean Green Utsav-वृक्षारोपण"**

**गतिविधियां का विवरण :–**

- निकाय द्वारा चिन्हांकित स्थल पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गैर–सरकारी संगठनों, स्व–सहायता समूहों एवं नागरिकों की सहभागिता से वृक्षारोपण का आयोजन।
- नगरीय निकाय अंतर्गत अटल परिसर, शहीद स्मारकों एवं मुख्य चौराहो के आसपास वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन।
- शहर के मुख्य उद्यान/बगीचों/वाटिका में युवा संगठनों के सहयोग से प्लागिंग ड्राईव का आयोजन।

6. <u>दिनांक 22 सितम्बर, 2025</u>

**कार्यक्रम –(अ) "स्वच्छ रंगोली प्रतियोगिता"**

- शहर के समस्त दुर्गा पूजा पंडालों में स्वच्छ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन।
- प्रतियोगिता की थीम स्वच्छता संदेशों पर आधारित हो।
- प्रतियोगिता के आयोजन हेतु ईको–फ्रेंडली वस्तुओं के उपयोग का प्रचार–प्रसार किया जावे।
- निकाय द्वारा सर्वश्रेष्ठ रंगोली का चयन का पुरस्कृत किया जावे।

**कार्यक्रम – (ब) "इंटर स्कूल प्रतियोगिता"**
**गतिविधियां का विवरण :–**

- स्वच्छता पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन। वेस्ट–टू–आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन। स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित नुक्कड नाटक प्रतियोगिता का आयोजन।
- स्कूल स्तर पर आयोजित की जाने वाली प्रतियोंगिताओं का दस्तावेजीकरण स्कूलों द्वारा ही किया जाना है। स्कूलों द्वारा तैयार किया गया समस्त दस्तावेजों का परीक्षण निकाय कार्यालय में करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली स्कूल को बेस्ट परफार्मिंग स्कूल से सम्मानित किया जावे।

7. **<u>दिनांक 22–23 सितम्बर, 2025</u>**

**कार्यक्रम – "सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन"**
**गतिविधियां का विवरण :–**

- निकाय क्षेत्र अंतर्गत सैनिटेशन संबंधित कार्यों में कार्यरत सफाई मित्र हेतु एकल खिड़की शिविर एवं समस्त स्वच्छता दीदीयों, स्वच्छता कमाण्डों एवं अन्य सफाई कर्मचारी हेतु स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाना है।
- शिविर हेतु अन्य केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के तहत् विभिन्न योजनाओं जैसे – आवास, जल जीवन, अमृत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, पी.एम. सैभाग्य, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, पी.एम जनअरोग्य योजना, स्वच्छता उद्यमी योजना, पी.एम जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना आदि के तहत् लाभ प्रदान करने पर विचार किया जा सकता है।
- निकाय में कार्यरत् सफाई कामगार, स्वच्छता दिदियों एवं समस्त सफाई मित्रों का चिन्हांकन एवं पंजीयन पूर्व से किया जावे, जिससे अधिकतम लाभार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

8. **<u>दिनांक 25 सितम्बर, 2025</u>**

**कार्यक्रम – "एक दिन–एक घण्टा–एक साथ"**
**गतिविधियां का विवरण :–**

- निकाय में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गैर–सरकारी संगठनों, युवा संगठनों, एन.सी.सी./एन.एस.एस. छात्रों, स्व–सहायता समूहों एवं नागरिकों की भागीदारी से वृहद् स्तर पर पूर्व निर्धारित स्थलों पर प्रातः 08:00 बजे से 09:00 बजे तक स्वच्छता श्रमदान किया जावे।
- **स्वच्छोत्सव सेल्फी :** कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छोत्सव सेल्फी जोन बनाकर नागरिको को सेल्फी लेने तथा उसे My Gov Portal पोर्टल पर दर्ज करने हेतु प्रोत्साहित किया जावे।

9. <u>दिनांक 26 सितम्बर, 2025</u>
**कार्यक्रम – "स्वच्छ फूड स्ट्रीट"**
**गतिविधियां का विवरण :–**

- शहर के व्यवसायिक क्षेत्रो, सार्वजनिक स्थलों, अधिक आवागमन वाले क्षेत्रो में स्वच्छ फूड स्ट्रीट का अयोजन।
- स्वच्छ फूड स्ट्रीट प्रचार–प्रसार हेतु जनप्रतिनिधियों, शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, इन्फ्यूेनशर इत्यादि को अभियान से जोड़ जावें।
- पंजीकृत शहरी पथ विक्रेताओं हेतु स्वच्छता, यातायात नियमों के पालन एवं वित्तीय साक्षरता पर 01 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जावे।
- खुले में कचरा न फेकने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने हेतु प्रोत्साहित किया जाना।
- निकाय द्वारा स्ट्रीट वेंडरों द्वारा उत्सर्जित हो रहें कचरे को पूर्ण निस्पादन हेतु व्यवस्था प्रदान की जाए। नगरीय निकायों द्वारा फूड स्ट्रीट जोन के आस–पास उपलब्ध सुविधाएं जैसे – स्ट्रीट लाईट, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, नाईट स्वीपिंग, लीटर बिन की उपलब्धता आदि का रख–रखाव किया जाए।

10. <u>दिनांक 27 सितम्बर, 2025</u>
**कार्यक्रम – "स्वच्छ खेल महोत्सव"**
**गतिविधियां का विवरण :–**

- निकाय स्तर पर स्वच्छ खेल महोत्सव का आयोजन का किया जावे जिसमें नागरिकों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वच्छता के क्षेत्र में अनुठे प्रयासों को आम नागरिकों तक पहुँचाने हेतु बढ़ावा दिया जाए, जिससे आमजन को साफ–सफाई एवं स्वच्छता के महत्व को समझाया जा सके।
- समस्त सामाजिक संस्था एवं शासकीय एवं अर्द्धशासकीय, एन.जी.ओ. के माध्यम से स्वच्छ खेल महोत्सव के दौरान स्त्रोत पृथकीकरण, खुले में शौच न करना, दो डस्ट बिन की उपयोगिता के संबंध में जागरूक किया जावे।

11. <u>दिनांक 28 सितम्बर, 2025</u>
**कार्यक्रम – "एसएलआरएम सेंटरों का रख–रखाव"**
**गतिविधियां का विवरण :–**

- एस.एल.आर.एम. सेंटर एवं कम्पोस्ट शेड एवं उसके आस–पास के क्षेत्र में वृहद् सफाई अभियान का आयोजन।
- स्वच्छता अभियान उपरांत रंगोली के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वच्छोत्सव का प्रचार–प्रसार किया जाना।

12. <u>दिनांक 29 सितम्बर, 2025</u>

**कार्यक्रम – "एस.एल.आर.एम. विजिट एवं वेस्ट–टू–आर्ट प्रदर्शन"**

**गतिविधियां का विवरण :–**

- स्कूली छात्रों में स्वच्छता पर जन–जागरूकता बढ़ाने तथा स्त्रोत पृथककरण का महत्व सझाने हेतु एस.एल.आर.एम. सेंटर एवं कम्पोस्ट शेड की अध्ययन यात्रा का आयोजन।
- आर.आर.आर. केन्द्रों पर वेस्ट–टू–आर्ट प्रदर्शनी एवं स्त्रोत्र पृथककरण पर सत्र का आयोजन।
- कार्यक्रम के संबंध में व्यापक जानकारी निकाय की सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म एवं स्थानीय प्रिंट मिडिया में दिया जाना।

13. <u>दिनांक 30 सितम्बर, 2025</u>

**कार्यक्रम – "सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालयों की सफाई"**

**गतिविधियां का विवरण :–**

- निकाय क्षेत्र में आने वाले सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालयों में सफाई अभियान एवं मरमम्त संधारण किया जावे।
- निकाय क्षेत्र में आने वाले एफ.एस.टी.पी./एस.टी.पी. के आस–पास के क्षेत्रों में निकाय द्वारा स्वच्छता अभियान किया जाना।

14. <u>दिनांक 01 अक्टूबर, 2025</u>

**कार्यक्रम – "विसर्जन उपरांत विशेष स्वच्छता अभियान"**

**गतिविधियां का विवरण :–**

- निकायों द्वारा पूर्व से चिन्हांकित स्थलों पर इको फ्रेंडली विसर्जन करने हेतु विशेष व्यवस्था की जावे।
- विसर्जन उपरांत जल निकायों में एवं उसके आस–पास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन।
- दुर्गा पूजा पंडाल समितियों द्वारा पंडालों के आस–पास के क्षेत्र में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जावे।

15. **<u>दिनांक 02 अक्टूबर, 2025</u>**

**कार्यक्रम – "स्वच्छ भारत दिवस"**

- स्वच्छता लक्षित इकाईयों का प्रदर्शन।
- सफाई मित्रों, सफाई कामगारों एवं स्वच्छता दिदियों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना।
- स्वच्छ स्ट्रीट फूड की पहल, सांस्कृतिक स्वच्छ भारत फेस्ट के उपलब्धियों का प्रदर्शन।
- निकाय क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत किये गये कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर कर सम्मानित किया जाना।

**नोट :–**

1. अभियान अन्तर्गत किये जा रहे समस्त कार्यों की व्यापक मिडिया प्रचार–प्रसार/सोशल मिडिया कवरेज

2. अभियान अन्तर्गत आईटी पोर्टल में समस्त गतिविधियों की शत–प्रतिशत प्रविष्टियाँ।

3. ब्लैक स्पॉट/स्वच्छता लक्षित इकाई का सावधानीपूर्वक चयन किया जाना, निराकरण हेतु व्यापक कार्य–योजना तैयार करना एवं अभियान अवधि में ऐसे स्थलों का शत–प्रशित निराकरण सुनिश्चित किया जाना।

4. अभियान अवधि में आयोजित सभी कार्यक्रमों में व्यापक जन–भागीदारी सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया जाना एवं इस हेतु समस्त सामाजिक संस्थाओं, एन.जी.ओ. एवं अन्य संस्थाओं से सहयोग एवं समन्वय स्थापित करना।

5. जिला स्तरीय स्टीयरिंग समिति से समन्वय कर जिला/निकाय स्तर पर कार्यरत् अन्य लाईन विभागों से समन्वय करते हुए सभी विभागों से सहभागिता सुनिश्चित किया जाना।